कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com; Fax/☎ 05964-225234

पत्रॉकः– 8070 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 7, जून, 2024।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
डीडीहाट।

विषयः– **जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड डीडीहाट में मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 314/2018 के कम में डीडीहाट (ग्राम ननपापों) में हैलीपैड निर्माण हेतु 0.15 हे0 वन पंचायत भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग, अस्थाई प्रखण्ड डीडीहाट को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **भारत सरकार की पत्र सं0 8बी/यू0सी0पी0/09/39/23/2023/एफसी0/1167 दिनांक 11.12.2023।**

उपरोक्त विषयक भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र के कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 14.05.2024 को प्रस्तावित हैलीपैड स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रस्तावित क्षेत्र सहित उक्त क्षेत्र तक एप्रोच मार्ग का चौड़ीकरण/निर्माण किया पाया गया। इसके सम्बन्ध में इस कार्यालय की पत्र सं0 4149/1271 दिनांक 01.02.2023 द्वारा भी प्रकरण के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। अतः भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र जिसमें नवम्बर 2020–21 के समय मार्ग निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में आख्या चाही गयी है के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण देते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें–

1. उक्त मार्ग का निर्माण कब किया गया?
2. उक्त मार्ग के निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत स्वीकृति प्राप्त की गयी है अथवा नहीं, यदि नहीं तो उक्त मार्ग के निर्माण हेतु किस स्तर से स्वीकृति ली गयी है?

उपरोक्तानुसार इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण अतिशीघ्र इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपके विरुद्ध एफ0सी0ए0, 1980 के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण उच्च स्तर को संदर्भित कर दिया जाएगा।

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग पिथौरागढ़।